प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 01.10.2024

थाना मसूरी पुलिस टीम द्वारा 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से एक जोड़ी कानों की बालियां व एक मोबाइल बरामद।

दिनांक 30.09.2024 को थाना मसूरी पर एक वादिया द्वारा तहरीर दी कि उनसे रास्ते में मिले व्यक्तियों द्वारा भ्रमित करके उनसे उनके बेटे की शराब की लत छुडाने के उपाय बताने के नाम पर उनके कानें की बालियां व मोबाइल छल करके ले लिये तथा उन्हे पीछे मुडकर न देखने की बात करके वापस भेज दिया। इस संबंध में थाना मसूरी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा घटना के अनावरण हेतु टीम गठित की गयी

तत्पश्रात आज दिनांक 01.10.2024 को थाना मसूरी पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सीसीटीवी फुटेज की सहायता से घटना कारित करने वाले अभियुक्तों 1- फहीम पुत्र किश्वर खान निवासी मुगल गार्डन पिपलेड़ा थाना धौलाना जनपद हापुड 2- शाहरुख खान पुत्र शेरदिल निवासी झुग्गी झोपड़ी चाँदमारी थाना विजयनगर जनपद गाजियाबाद को इन्द्रगढी शमशान घाट के पास से गिरफ्तार किया गया तथा कब्जे से कानों की बालियां व मोबाइल बरामद किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण –

अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया कि हम लोग महिलाओं और बुजुर्गो को भ्रमित कर उनसे सोने चाँदी के आभूषण उतरवाकर ले जाते हैं तथा दिनांक 29.09.2024 को हमने घनश्याम फार्म हाउस से एक महिला को भ्रम में डालकर उससे यह एक जोड़ी कानों की बालियां व एक मोबाइल ले लिया था।

बरामदगी का विवरण

एक जोडी कानों की बालियां व एक मोबाइल

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-

1- फहीम पुत्र किश्वर खान निवासी मुगल गार्डन पिपलेड़ा थाना धौलाना जनपद हापुड, उम्र करीब 19 वर्ष
2- शाहरुख खान पुत्र शेरदिल निवासी झुग्गी झोपड़ी चाँदमारी थाना विजयनगर गाजियाबाद, उम्र करीब 25 वर्ष,

आपराधिक इतिहास

उपरोक्त घटना के संबंध में अभियुक्तों के विरुद्ध थाना मसूरी पर 01 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

थाना मसूरी पुलिस टीम।

थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम द्वारा 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का 01 विक्रम टैम्पो बरामद

आज दिनांक 01.10.2024 को थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्त 1. राजेन्द्र गौस्वामी पुत्र प्रमोद गिरी निवासी डी-251 राजीव कॉलोनी मोहननगर थाना साहिबाबाद गाजियाबाद उम्र करीब 25 वर्ष व 2. अजय ठाकुर पुत्र राजपाल ठाकुर निवासी मकान न0 742 राजीव कॉलोनी मोहननगर थाना साहिबाबाद गाजियाबाद उम्र करीब 26 वर्ष को हुंडई कट थाना शालीमार गार्डन गाजियाबाद से चोरी के 01 विक्रम टैम्पो सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त राजेन्द्र गौस्वामी पुत्र प्रमोद गिरी व अजय ठाकुर पुत्र राजपाल ठाकुर उपरोक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण

गिरफ्तार अभियुक्त राजेन्द्र गौस्वामी पुत्र प्रमोद गिरी व अजय ठाकुर पुत्र राजपाल ठाकुर उपरोक्त ने पूछताछ में बताया कि यह विक्रम टैम्पो चोरी का है। हम दोनों ने मिलकर यह टैम्पो राजीव कॉलोनी मोहननगर साहिबाबाद गाजियाबाद से चुराया था। आज हम दोनों इसे कटवाकर बेचने के लिए जा रहे थे। कुछ दिन पहले एक लाल रंग का ई-रिक्शा जिसका न0 4624 को हमने उसके चालक को कोल्ड्रिक में नशीला पदार्थ डालकर पिलाया और फिर ई-रिक्शा चुराया था। उस ई.रिक्शा को हमने दिल्ली में कटवाकर बेच दिया था और जो रुपये मिले उन्हें हम आपस में बाँटकर लेते है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता

1. राजेन्द्र गौस्वामी पुत्र प्रमोद गिरी निवासी डी-251 राजीव कॉलोनी मोहननगर थाना साहिबाबाद गाजियाबाद उम्र करीब 25 वर्ष।
2. अजय ठाकुर पुत्र राजपाल ठाकुर निवासी मकान न0 742 राजीव कॉलोनी मोहननगर थाना साहिबाबाद गाजियाबाद उम्र करीब 26 वर्ष।

बरामदगी का विवरण

चोरी का 01 विक्रम टैम्पो बरामद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम।